नगर आयुक्त ने किया निमार्णाधीन स्मार्ट रोड का निरीक्षण

शाहजहांपुर (धारा न्यूज)। आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगर क्षेत्र के सुभाषनगर से रिंग रोड तक बन रहे स्मार्ट रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय द्वारा निमार्णाधीन स्मार्ट रोड पर रेलवे अंडरपास के पास चौड़ीकरण कराए जाने हेतु रेलवे विभाग से समन्वय स्थापित किये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय पाया कि निमार्णाधीन स्मार्ट रोड पर सड़क के चौड़ीकरण के लिए मिट्टी भराव का कार्य चल रहा है।

निरक्षण के समय नगर आयुक्त संतोष कुमार के साथ अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के साथ अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, अधिशासी अभियंता निर्माण आशीष त्रिवेदी, सहायक अभियंता निर्माण विपुल कुमार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।